संक्षिप्त

11 मार्च को डिगो में सजेगा ब्याई माता का विशाल मेला

लालसोट। ग्राम डिगो में 11 मार्च को ब्याई माता का विशाल मेला धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ आयोजित होगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेला समिति व ग्राम पंचायत द्वारा मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मेले में क्षेत्र सहित आसपास के कई गांवों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।मेले के दौरान मां जगदम्बा की आकर्षक झांकी, रात्रि में भक्ति सत्संग व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहेंगे। वहीं मेले का मुख्य आकर्षण पहलवानों का कुश्ती दंगल रहेगा, जिसमें क्षेत्र के नामी पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। दंगल की अंतिम कुश्ती के लिए 2100 रुपए का पुरस्कार रखा गया है।

फागोत्सव मनाया

मनोहरपुर । कस्बे के गांधी चौक स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा तृतीय फागोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से मनाया गया। इसकी जानकारी पवन मित्तल ने दी हैं।कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल की सदस्यों ने महाराज अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ की।इसके बाद महिलाओं ने गुलाल और फूलों से होली खेलकर फागोत्सव का आनंद लिया तथा रंगोली सजाकर धर्मशाला को सजाया।फागोत्सव के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों और भजनों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में रंग-बिरंगे गुलाल और फूलों की होली खेली गई। मंडल की सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और सौहार्द का प्रतीक हैं तथा भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

'रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं'

नरैना। कस्बे की जैन धर्मशाला में महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर मानवता के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन किया। युवा समाज सेवी गौरव दाधीच ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। युवाओं व मातृशक्ति को अधिक से अधिक संख्या में समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान विहिप सांभर जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी, नरैना विकास मंडल के सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गोपाल जाट, नौरतमल कुमावत,इन्द्रराज शर्मा, अजय सैनी, लादूराम साहू सहित अनेक लोगों ने रक्तदान शिविर में आकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने रक्तदान शिविर के लिए नि:शुल्क भवन उपलब्ध कराने के लिए जैन समाज नरैना का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान 33 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

अधिकारों व कानून की जानकारी

निवाई। सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत महाराजपुरा, आलियाबाद, पलई व जुगलपुरा में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों व कानून की जानकारी दी। सिकोईडीकोन संस्था के समन्वयक प्रभारी अर्जुनदेव ने बालिका हितैषी ग्राम पंचायत विकसित करने पर चर्चा की। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से काउंसलर डॉ. सुनीता शर्मा ने बताया कि महिलाओं के सम्मान के अधिकारों की पलब्धियों को मनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। महिला सुरक्षा केंद्र से एडवोकेट नीतूसिंह विजय ने घरेलू हिंसा, लेगिंग उत्पीडऩ एवं कार्य स्थल पर होने वाले यौन शोषण पर चर्चा करते हुए महिलाओं को सरकार से मिलने वाली सहायता के बारे में बताया।

महिलाओं को किया जागरूक

निवाई। गांव मूंडिया में मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के तहत भामाशाह बहादुरसिंह राजावत की अध्यक्षता में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जर्मन से आए दल के सदस्यों ने मातृत्व पोषण की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों के लिए मां का दूध अत्यंत लाभकारी औषधि है। गर्भवती होने से लेकर प्रसव तक महिलाओं को समय समय पर स्वास्थ्य की जांच व टीकाकरण करवाना चाहिए। जिससे जच्चा बच्चा स्वस्थ रहते है।

महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनकी ऊर्जा से ही राष्ट्र मजबूत होता है : संजय शर्मा

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरजन विहार (कंपनी बाग) से आयोजित " " महिला मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां एवं विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी शामिल हुईं।

इस अवसर पर वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि मैराथन महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस, सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में कारगर साबित होगी।

मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनकी ऊर्जा से ही राष्ट्र मजबूत होता है। उन्होनें कहा कि मैराथन जैसी पहलें ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि सामाजिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को भी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होती हैं।

अलवर गौरी देवी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मंत्री संजय शर्मा।

इसके अलावा मंत्री संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय खेल प्राधिकरण एवं माय भारत केंद्र के समन्वय से गौरी देवी महाविद्यालय में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग व सम्मान समारोह का शुभारम्भ कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

- **गौरी देवी महाविद्यालय में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग व सम्मान समारोह का शुभारम्भ किया गया**

नेहरू युवा केंद्र कोऑर्डिनेटर पंकज यादव ने बताया कि अस्मिता लीग में 400 मीटर प्रतियोगिता में रूपा स्वामी ने प्रथम, पिंकी ने द्वितीय एवं रोहिणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, पिंकी गुर्जर ने द्वितीय एवं चिड़िया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर प्रतियोगिता में पलक खंडेलवाल ने प्रथम, दिलशाना ने द्वितीय एवं इंसाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रस्साकशी प्रतियोगिता में जीडी कॉलेज ने प्रथम एवं नर्सिंग कॉलेज अलवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रंगोली प्रतियोगिता में गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज अलवर ने प्रथम एवं द्वितीय व नर्सिंग कॉलेज तिजारा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 1200 से अधिक युवतियों द्वारा माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया गया था। लीग में आयु वर्ग अंडर 13, अंडर 18 एवं अंडर 25 में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की बालिकाओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया।

भगवान गिरधर गोपाल को फागोत्सव के भजनों से रिझाया

सांभरझील। यहां देवयानी सरोवर स्थित प्राचीन गिरधर गोपाल मंदिर में पुजारी रामकृष्ण शुक्ला व सर्वेश शुक्ला के सानिध्य में भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। भगवान गिरधर गोपाल को फूलों की झांकी से सजाया व आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर की सजावट की गई। गायक कलाकार श्याम पारीक व संगीतज्ञ जितेंद्र पारीक के आपसी सुरों के तालमेल के बीच भक्ति व प्रेम रस पर आधारित जब भजनों का प्रस्तुतीकरण हुआ तो शनै शनै भक्ति रस में श्रद्धालु डूबते चले गए। रंग मत डाले रे सांवरिया, आज बिरज में होली रे रसिया, बाबा के दरबार में सजी रै, सबकी नैया पार लगावे गिरधर गोपाल जैसे अनेक भजनों पर महिला श्रद्धालुओं ने आत्म भाव से समर्पित होकर जब अपना नृत्य पेश किया तो सभी मौजूद श्रद्धालुओ ने साक्षात परमात्मा की अनुभूति की।

रेलवे एससी कर्मचारियों का भव्य स्नेह मिलन समारोह में एकता व शिक्षा पर दिया जोर

फुलेरा। रेलवे अनुसूचित जाति रेल कर्मचारी संगठन फुलेरा की ओर से रविवार को कस्बे के नरेना रोड स्थित एक निजी गार्डन परिसर में तृतीय स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ऑल इंडिया एस.सी./एस.टी. रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एल. बैरवा के मुख्य आतिथ्य तथा दी रेलवे कोऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक नीलू गोठवाल, आकोदा प्रशासक सरपंच पुष्पा मेघवाल, रामसिंह, घासीराम नरेडिया, रामबाबू गौतम तथा देवकरण नवल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महात्मा बुद्ध और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद आयोजन समिति की ओर से सभी

कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण व अन्य।

अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि बी.एल. बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के अधिकारों की रक्षा और विकास के लिए संगठन की शक्ति सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब समाज शिक्षित और संगठित होगा तभी वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकेगा। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि पुष्पा मेघवाल ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। वहीं रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक नीलू गोठवाल ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं को समाज के उत्थान के लिए आगे बढ़ना चाहिए तथा पुरुषों को भी उनका सहयोग करना चाहिए, जिससे महिलाओं की राह और अधिक आसान हो सके। समारोह के दौरान समाज, रेलवे, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज बंधुओं को सम्मानित किया।

- **महिला दिवस पर नारी शक्ति सहित प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है : रत्ना कुमारी

पावटा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा नेत्री एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रत्ना कुमारी ने इंदिरा कुष्ठ आश्रम पहुंचकर वहां निवास कर रही असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं के साथ महिला दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और आत्मीय संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर रत्ना कुमारी ने कहा कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, सम्मान और संस्कार का प्रतीक माना गया है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। रत्ना कुमारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने कुष्ठ आश्रम में महिलाओं के साथ मनाया महिला दिवस

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं संचालित कर रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को समाज में समान अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने परिवार और देश के विकास में सशक्त भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर आश्रम में मौजूद महिलाओं के साथ समय बिताकर उन्हें महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की।

रत्ना कुमारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प दोहराने का दिन है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कृपाल नगर में दो दिवसीय मेले को लेकर हुई बैठक

किशनगढ़ बास। खैरथल-किशनगढ़ बास रोड़ पर स्थित बांस कृपाल नगर के प्राचीन श्री श्याम प्रभु खाटू वाले मंदिर पर दो दिवसीय वार्षिक मेला 29 व 30 मार्च को को भरेगा, यह 52 वा विशाल मेला होगा। यह मेला रींगस खाटू धाम के बाद में भरने वाला दुसरा लख्खी मेला होता है जहां मुम्बई कोलकाता दिल्ली जयपुर जैसे विभिन्न महानगरों सहित शहरों एवं गांवों कस्बों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त बाबा श्याम के मेले में हर वर्ष दर्शनों के लिए आते हैं। इन सभी तैयारियों को लेकर श्री श्याम बाबा विकास समिति की बैठक अध्यक्ष बाबा गोरघन दास जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यों एवं नवयुवक समिति को मैले की जिम्मेदारियां सौंपी गई, मेले में अखंड ज्योति, आलोकिकश्रृंगार, शौभायात्रा, छप्पन भोग, भंडारा व कीर्तन का आयोजन हर वर्ष बड़े स्तर किया जाता है। इस बार मेला कार्यक्रम में अतिथि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, विधायक दीपचंद खैरिया, पूर्व विधायक रामहेत यादव होंगे।

मंदिर समिति अध्यक्ष बाबा गोरघन दास जांगिड़ ने बताया कि 29 मार्च रविवार को श्री श्याम मंदिर परिसर में प्रात: 5:00 बजे प्रभात फेरी, 8:15 बजे हवन 11:15 बजे भंडारा 6:00 बजे शोभा यात्रा श्याम मंदिर से शुरू होकर किशनगढ़बास के मुख्य मार्गो व गंज से होकर निकलेगी। भजन गायक कलाकार विष्णु बृजवासी ब्रजधाम, सुरजीत सिंह राजगढ़, तनु फौजदार भरतपुर , विकी वशिष्ठ मुंडावर, धर्मवीर बृजवासी ब्रजधाम, सुनील जांगिड़ बांस कृपालनगर, राजकुमार दादवानी मंच संचालक, अनिल हरवानी किशनगढ़ बास बाबा का गुणगान करेंगे। मेले के दूसरे दिन 30 मार्च सोमवार को 11:00 बजे से सायं 3:30 बजे तक भंडारे का आयोजन होगा।

श्री श्याम बाबा विकास समिति के तत्वाधान में नीले घोड़े के निशान के साथ पदयात्रा 9 मार्च को निकलेगी श्याम भक्त दयानंद यादव ने बताया कि राम विकास समिति के अध्यक्ष गोवर्धन दास जांगिड़ के तत्वाधान में 9 मार्च को श्याम मंदिर से खाटू श्याम के लिए नीले घोड़े निशांन के साथ के 2 मार्च को प्रात: 9:00 बजे पदयात्रा चांदी के रथ के साथ श्याम मंदिर परिसर से रवाना होगी ।

'महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है'

कोटपूतली । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन रविवार को पंचायत समिति कोटपूतली के सभागार में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस व प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परचम लहरा रही हैं। समाज को चाहिए कि वह महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे और उनके योगदान का सम्मान करे। सांस्कृतिक प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं के विभिन्न रोल्स को दिखाया गया, जिसका आमजन ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मंच का संचालन जिला नोडल चिकित्सा अधिकारी रविकांत जांगिड द्वारा किया गया।

रविकांत जांगिड़ जिला नोडल अधिकारी ने कन्या भ्रूण हत्या, लिंग

सहयोगिनी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

जांच एवं मुखबिर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा विभाग द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी एवं मंच संचालन किया गया । महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जुगल किशोर निठारवाल ने बताया कि कार्यक्रम के इस अवसर पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम साथिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा सहयोगिनी को 11 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 12 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को माता यशोदा पुरस्कार के तहत क्रमश: 5100 व 2100 रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कक्षा 10 की 10 तथा कक्षा 12 के तीनों संकायों की 3-3 अर्थात कुल 19 बालिकाओं को 5000 रुपये, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली उपस्थित एक बालिका को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता , भाषण व गुड टच बैड टच विषय पर प्रस्तुति दी तथा उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बालिकाओं को भी मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन किया गया। सहायक निदेशक के द्वारा विभागीय योजनाओं यथा लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना आदि की जानकारी दी गई तथा बालिकाओं व महिलाओं का उत्साहवर्धन किया साथ ही महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा व महिला सुरक्षा से जुड़े अन्य कानूनो की जानकारी दी गई।

- **जिला स्तरीय महिला दिवस समारोह पंचायत समिति सभागार में हुआ आयोजन**

सैनी अधिकारी कर्मचारी संगठन के बनवारी लाल सैनी बने जिलाध्यक्ष

चौरु/उनियारा। सैनी अधिकारी कर्मचारी संगठन के बनवारी लाल सैनी बने जिलाध्यक्ष ,सैनी अधिकारी कर्मचारी संगठन जिला टोंक के 3 वर्षो के लिये होने वाले जिलाध्यक्ष पद के लिए बनवारी लाल सैनी (अध्यापक) निवासी बालीथल(उनियारा) को सर्व सम्मति से चुना गया है।चुनाव अधिकारी शंकर लाल सैनी ने बताया कि लगभग 450 की सदस्य संख्या वाले सैनी अधिकारी कर्मचारी संगठन के लिए 5 मार्च अंतिम दिनांक तक जिलाध्यक्ष पद के लिए 5 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे उनियारा से बनवारी लाल सैनी,टोंक से रत्तीराम सैनी,रामदयाल सैनी,मालपुरा से रामकिशन सैनी एव निवाई से प्रेम प्रभु गंगाडा थे।अंतिम दिनांक तक रामकिशन सैनी मालपुरा एवं प्रेम प्रभु गंगाडा में अपना नाम वापस ले लिया।शेष रहे टोंक के दोनों उम्मीदवारों ने रामदयाल एवम रत्तीराम ने भी बनवारी लाल जी सैनी निवासी बालीथल(उनियारा)को अपना समर्थन देकर अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार निर्वाचन समिति ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर बनवारी लाल सैनी की घोषणा की। जानकारी अनुसार आगामी दिनों में जिला स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

सार-समाचार

महिला दिवस पर साक्षी का किया सम्मान

टोंक। दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया जिला ब्रांच द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चेयरमैन सीए दीपक गौतम ने नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (37) प्राप्त करने वाली साक्षी जैन को सम्मानित किया गया। इस दौरान साक्षी जैन ने नव-योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं छात्रों को सिविल सेवा की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वह वर्ष 2018 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनी थी। इस अवसर पर जिले की महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सीए मृदुला मालपानी, सीए अंशु जैन, सीए रूपल मित्तल, सीए खुशबू जैन, सीए आयुषी जैन, सीए अदिति बंप, सीए आयशा खान एवं सीए ऋतु उपस्थित रहीं। इस दौरान अध्यक्ष सीए दीपक गौतम ने महिला सीए सदस्यों एवं नव-योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बधाई दी तथा साक्षी जैन का भव्य स्वागत किया।

फागोत्सव में राधा-कृष्ण संग खेली फूलों की होली

शाहपुरा । शहर के त्रिवेणी रोड़ स्थित श्री भगवान माथुर कॉलोनी में खोरी परमानंद धाम के संत हरिओम दास जी महाराज के सानिध्य में श्रद्धा, भक्ति व उत्साह के साथ फागोत्सव का आयोजन हुआ।जिसमें महिला श्रृद्धालुओं ने राधा-कृष्ण के संग गलाल व फूलों की होली खेली और जमकर नृत्य किया।श्रीकांत माथुर ने बताया फागोत्सव में लड्डू गोपाल का भव्य श्रृंगार करके राधा-कृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई। फागोत्सव का शुभारम्भ त्रिवेणी धाम सत्संग मंडल के भजन गायक दिनेश खंडेलवाल द्वारा गणेश वंदना के साथ किया। इस दौरान राधा कृष्ण की जीवंत झांकी के बीच लोगों द्वारा फूलों व रंगों की होली खेली गई। महिलाओं ने राधा -कृष्ण की सजीव झांकी के बीच समूह बनाकर नृत्य किया। फाल्गुनी धुनों ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। समापन पर सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक श्रीकांत माथुर ने सपत्निक ठाकूर जी की आरती उतारी उसके बाद पंगत प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान राजू माथुर, मुकेश यादव, महावीर प्रसाद शर्मा, श्याम सुंदर राज जोशी, बनवारी लाल सैनी, मुरारी लाल अग्रवाल, राम सिंह जाट, बाबूलाल, कालूराम ढबास सहित कई महिला व पुरुष श्रृद्धालु मौजूद रहे।

गौतम आश्रम में उड़ी फूलों की गुलाल

निवाई। मां गौतमी महिला मंडल के तत्वावधान में श्री महर्षि गौतम आश्रम में रविवार को विश्व महिला दिवस पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। फागोत्सव का शुभारंभ भगवान गौतम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद भजन गायिका पुष्पा शर्मा ने गणपति वंदना से किया गया। इसके बाद भूरी देवी, निर्मला शर्मा, पिंकी शर्मा व आशा शर्मा सहित मंडल की कई महिलाओं ने बादली बरस क्यों ना रे, उड़े रे गुलाल गौतम जी थांका मंदिर में, ओढनी हो गई लाल श्याम तेरी होली में, रंग मत डाले रे सांवरिया म्हारो गूर्जर मारे रे. आज ब्रज में होली रे रसिया, राधा हमारी गौरी-गौरी है, नवल किशोरी है, कान्हा बरसाने में आज्यो, बुला गई राधा प्यारी, श्याम के बिना तुम आधे, तुम्हारे बिना श्याम आधे, राधे राधे, होली आई, होली आई, होली आई, मस्ती छाई मस्ती छाई सहित कई भजन प्रस्तुत किए। जिन श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर रचना शर्मा, संजू गौतम, मंजू शर्मा, नीलू शर्मा, मधुबाला गौतम, राजकुमारी शर्मा, सुशीला शर्मा, उर्मिला शर्मा, सीमा शर्मा श्यामा शर्मा व निर्मला शर्मा सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की मौत, चचेरा भाई गंभीर घायल

पावटा। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक सडक हादसे में युवती की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुबह करीब 10 बजे मांजूकोट से भूरीभडाज की ओर जाने वाले एमडीआर रोड पर हुआ, जहां किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बडी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया गया। उपजिला अस्पताल पावटा में चिकित्सकों ने जांच के बाद द्वारिकापुरा निवासी ज्योति वर्मा (21) पुत्री राकेश बलाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके चचेरे भाई राजेश (18) पुत्र तेजपाल बलाई की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए परिजनों के साथ एसएमएस अस्पताल जयपुर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्योति और राजेश आपस में चचेरे भाई-बहन थे। ज्योति पावटा कस्बे के पास इंडेन गैस एजेंसी के समीप अपने चाचा तेजपाल बलाई के घर आई हुई थी। बताया जा रहा है कि शनिवार को परीक्षा देने के बाद रविवार सुबह दोनों एमडीआर सडक से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है और परिजन कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थे। सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस व एएसआई धर्मेंद्र की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। वही डॉ. रवि बंसल, पीएमओ, उपजिला अस्पताल पावटा ने बताया कि सडक दुर्घटना में घायल दोनों युवाओं को अस्पताल लाया गया था। जांच के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि युवक की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जयपुर रेफर किया गया।

महिलाओं का किया सम्मान

भरतपुर । भरतपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्वसमाज की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा की नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 6 विशिष्ठ महिलाओं का एक सादा समारोह में स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रतिज्ञा दुबे का सीए बनने पर रेणु शर्मा का स्कूल प्रिंसिपल बनने पर रिद्धिमा शर्मा का गैट में चयन होने पर एवं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष बबिता शर्मा, कंप्यूटर अनुदेशक प्रमिला शर्मा, कुशल समाजसेवी मंजू दुबे का पटका पहना कर साफा पहनाकर एवं आराध्यदेव बिहारी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर समाजसेवी मनोज दुबे का साफा पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सर्वशक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा जती विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष एवं गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी डॉ सुशील पाराशर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, सर्वशक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, समता आन्दोलन जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा,समता आन्दोलन सहसचिव अशोक कुमार सारस, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समाजसेवी पंडित वनबारी लाल शर्मा , लाल चंद शर्मा एल आई सी वाले ,रामेश्वर अमीन, सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता देवकीनन्दन शर्मा, रिटायर्ड कॉलेज प्राचार्य प्रो. आर एन शर्मा एवं रिटायर्ड प्रो. बी डी शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी बिजली विभाग के पीयूष दुबे, देवांश शर्मा आदि अनेक गणमान्य लोगों ने सम्मान किया।

रंगपंचमी पर कोली समाज का मेला सम्पन्न

टोंक। रंगपंचमी के अवसर पर कोली समाज का पारम्परिक मेला रविवार को महादेववाली स्थित प्राचीन शिवालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले में जिले सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों के साथ-साथ मध्यप्रदेश और देश के अन्य